Title: Need to ensure early reopening of tea gardens of Tea-Trading Corporation of India at Darjeeling and Jalpaiguri, West Bengal- Laid.

श्री एस.पी. लेप्चा (दार्जिलिंग) : भारत सरकार के अधीनस्थ टी. ट्रेडिंग कार्पोरेशन की दार्जिलिंग जिला स्थित भातकभर पुटुङः, पेशोक और जलपाईगुड़ी जिला स्थित लुकसान चाय बागान पिछले कई सालों से बंद हैं। इसके फलस्वरूप दार्जिलिंग की जगत-प्रसिद्ध चाय की फसल और पौधे नष्ट हो रहे हैं। हजारों मजदूर और उनके परिवार भूख से तड़प रहे हैं। भूख-जनित बीमारियों के कारण बहुत से मजदूर और उनके परिवार के सदस्यों की अकाल मृत्यु हो चुकी है।

अतः यह राष्ट्रीय सम्पत्ति की रक्षा करने के लिए और बहुमूल्य मानव प्राणियों को बचाने के लिए शीघ्रातिशीघ्र इन बागानों को खुलवाने की व्यवस्था करें।